>

Title: Need for financial assistance to provide bore wells through NABARD in Nalanda District of Bihar.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): सभापति महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण मामला उठाने की अनुमति चाहता हूं। यह मामला किसानों को सिंचाई सुविधा देने के बारे में है। सूखे की मार झेल रहे किसानों ने अभी तक रबी की फसल की बुवाई नहीं की है। इनकी खड़ी फसल चौपट हो गई है, क्योंकि वह लगी नहीं है। इसके कारण किसानों की माली हालत बहुत ही खस्ता हो गई है। मेरे संसदीय क्षेत्र नालंदा में सूखे की मार से खड़ी फसल पर बहुत गम्भीर असर पड़ा था। बिहार राज्य में, नालंदा जिले में जो राजकीय बोरिंग है, उसमें से ज्यादातर खराब है। सरकार की भी वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि बिहार राज्य के नालंदा जिले की सभी पंचायतों में एक राजकीय बोरिंग की व्यवस्था कराई जाए तथा इस सदन से भी मांग करता हूं कि सरकार बिहार में सभी पंचायतों राजकीय बोरिंग की व्यवस्था करे। धन्यवाद।